# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),

निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail.com

पत्रांक 347 / M-32 / 28 दिनांक 17 / 05 / 2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बस्ती।

विषय:- दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 17.05.2026 को प्रकाशित "पानी पर 1.35 करोड़ खर्च... प्यासे रह गये ग्रामीण" के नकारात्मक क्लीपिंग/निस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपरोक्त विषयक दिनांक 17.05.2026 को दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में प्रकाशित "पानी पर 1.35 करोड़ खर्च...प्यासे रह गये ग्रामीण" शीर्षक के अन्तर्गत नकारात्मक क्लीपिंग के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद बस्ती के विकास खण्ड-कुदरहा में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मेसर्स मेघा इंजी० इन्फ्रा० लि, फेज-3 द्वारा कबरा खास ग्राम पंचायत पेयजल योजना का कार्य कराया जा रहा है। योजना के इन्फार्मेशन बोर्ड पर पूर्व निर्धारित तिथि को संशोधित करा दी गई है, जो वर्तमान में दिनांक 22.12.2028 है। कबरा खास ग्राम पंचायत पेयजल योजना की भौतिक प्रगति का विवरण निम्नानुसार है-

जनपद के विकास खण्ड-कुदरहा के अन्तर्गत कबरा खास ग्राम पंचायत पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति-

- स्वीकृत वर्ष - 2022-23
- स्वीकृत लागत - रु० 135.87 लाख
- कार्यदायी फर्म - मेसर्स मेघा इंजी०इन्फ्रा०लि०, फेज-3
- सम्मिलित ग्राम पंचायत(1)- 1.कबरा खास
- सम्मिलित राजस्व ग्राम(2)- कबरा खास, सिद्धनाथ

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | भौतिक प्रगति | कुल भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1 | 01 नग नलकूप (360 LPM) | पूर्ण | 70% |
| 2 | 01 नग शिरोपरि जलाशय (क्षमता- 125KL/12m) | 85% | |
| 3 | वितरण प्रणाली (6.279 किमी०) | 5.089 किमी० | |
| 4 | 01 नग पम्पहाउस | 80% | |
| 5 | 01 नग बाउन्ड्रीवाल | 80% | |
| 6 | 01 नग सोलर सिस्टम (13 KW) | पूर्ण | |
| 7 | गृह संयोजन (लक्ष्य-248 नग) | 25 नग | |

अवगत कराना है कि पिछले एक वर्ष से उपरोक्त योजना पर धनावंटन न होने के कारण कार्य की प्रगति अपेक्षाकृति धीमी है। जिसे लक्षित समयान्तर्गत पूर्ण करा लिया जायेगा। समस्त कार्यों को पूर्ण कराने हेतु फर्म को निर्देशित किया जा चुका है।

जलापूर्ति से सम्बन्धित कोई भी समस्या जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं 18001212164 पर पंजीकृत की जा सकती है। विभाग समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक: उपरोक्तानुसार।

भवदीय
Digitally signed by
YOGENDRA PRASAD
Date: 17-05-2026
14:18:42
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० तथा दिनांक तदैव:-

प्रतिलिपि: मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।

Scanned with OKEN Scanner

# कबरा खास पेयजल योजना








